मखाने की माला

मेरे हाथों में ये माला देख रहे हैं आप
ये मखाने का माला है
मैंने मां दुर्गा के लिए अपने हाथों से
मखाने चुन चुन कर बनाएं है ।
कितना सुंदर है ना
ये माला पहली बार
मैंने मेरी नानी के हाथों में देखा था
बहुत समय पहले
एक बार मैं दुर्गा पूजा में अपने ननीहाल गई थी ।
वहां नानी के घर के ठीक सामने सड़क के उस पार
बहुत भव्य मां दुर्गा का पंडाल लगा था।
बहुत भीड़ लगती थी वहां
लोग खूब पूजा पाठ करने के लिए आते थे।
और बड़े ही धूम धाम के साथ दुर्गा पूजा मनाया जाता था

पूजा पाठ होम जाप सबकुछ बहुत ही भव्य होता था और सबसे सुंदर तो वहां मां दुर्गा की आरती होती थी

सौभाग्य से मुझे भी एक दो बार आरती में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । अद्भुत अप्रतिम अलौकिक वहां का दृश्य होता था । ऐसा वातावरण कि हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दें ।

दुर्गा पुजा शुरु हो चुका था अष्टमी या नवमी तिथी थी उस दिन लगभग चार बजे का समय था नानी ने मुझ से कहा ये माला मंदिर में मां दुर्गा को चढ़ा आओ

मैंने माला लिया और चली गयी मां दुर्गा के प्रतिमा की तरफ वहां किसी ने मुझ से पूछा किनके घर से हो तो मैंने मास्टर साहेब के यहां से कह दिया । नानी ने आते वक्त समझा दिया था । उन्होंने मेरे हाथों से माला लेकर मां दुर्गा को समर्पित कर दिया अर्थात् चढ़ा दिया।।

इससे पहले मैंने कभी इस तरह की माला देखी नहीं थी ।
पहली बार ही मैं मखाने का माला देख रही थी ।।

आज नानी की बड़ी याद आ रही थी अब वो हमारे बीच नहीं है?।? उनको गुजरे हुए आज पूरे तीन साल हो गये ।

हमारी नानी ना हम से बहुत प्यार करती थी ।
चुनी चुनी मखानक माला बनेलैं
पारिजात पुष्प हम राह में बिछेलैं
मैया आबिरहल छथि सुन के हम
सुंदर चौक पुरेलैं ....!!
आसन बनेलैं सिंघासन बैसेलैं
चुनरी मैरी सेहो मंगेलैं
लाल लाल अड़हुल फूल चुन लें लैं
अक्षत कुमकुम सिंदूर मंगेलैं
अगर कपूर आ धूप जले लैं
मधुर मिठाई भोग लगेलैं
मां जग जननी के पीढ़ी पे बैंसेलैं
चरण में हुनक हम शीश नवैलैं
अपन सुख दुख सब मां के बतेलैं
मां के अपन हम चिंता सुनेलैं
मंद मंद हसैत हमरा कहली मैया
हमरा रहैत धिया चिंता अहाक होय या
ई बात त हमरा नीक ने लगै या
छोडि दिय चिंता अपन
सब सुख अहाक के राह तकै या
सुन के मैया के बात
भेल जीवन उज्जास
आब कोनों ने बाकी रहल मनोरथ
माता पुरैलेन हमर सब आस ...!!
जय मां ब्रह्मचारिणी

किरण काजल बेंगलुरु

आज होगा कन्या भोज, नगर की बालिकाओं का होगा पूजन

मां शेरावाली नवयुवक मंडल बस स्टैंड की ओर से आयोजन, समिति ने नगरवासियों से की शामिल होने की अपील

मोहन बड़ोदिया / नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां शेरावाली नवयुवक मंडल बस स्टैंड के तत्वावधान में आज कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत नगर की समस्त बालिकाओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया जाएगा। नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन और कन्या भोज का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मंडल द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। समिति सदस्यों ने नगर के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं को कन्या भोज में सम्मिलित कराएं और आयोजन में सहभागी बनें।

तीन दिन से नहीं आई कचरा गाड़ी, घरों में जमा हो रहा कचरा

त्योहारों के बीच ग्रामीण परेशान, महिलाओं को हो रही परेशानी; वाहन खराब होने से रुकी कचरा संग्रहण व्यवस्था

मोहन बड़ोदिया / ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया का कचरा संग्रहण वाहन पिछले तीन दिनों से गांव में नहीं पहुंच रहा है। इससे घरों में कचरा जमा होने लगा है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारों के चलते घरों में साफ-सफाई के कारण कचरे की मात्रा भी बढ़ गई है। ऐसे में कचरा संग्रहण वाहन के नहीं आने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विशेषकर महिलाओं को घरों से निकलने वाले कचरे के निपटान में दिक्कत हो रही है। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन घर-घर पहुंचकर कचरा एकत्रित करता है। लेकिन वाहन में खराबी आने के कारण पिछले तीन दिनों से यह व्यवस्था प्रभावित है। इससे घरों में कचरा जमा हो रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पंचायत जल्द ही वाहन की मरम्मत करवाकर कचरा संग्रहण व्यवस्था सुचारू करेगी, ताकि त्योहारों के दौरान स्वच्छता बनी रहे। **इनका कहना है-** कचरा संग्रहण वाहन में खराबी आने के कारण वह गांव में नहीं आ पा रहा है। वाहन को मरम्मत के लिए मैकेनिक के यहां खड़ा किया गया है। संभावना है कि आज या कल तक वाहन ठीक होकर दोबारा कचरा संग्रहण शुरू कर देगा। **-अर्जुन सिंह चौहान, सचिव, ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया**

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 16 अक्टूबर को तलेन में

राजगढ़। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 07 अगस्तल, 2026 से प्रारंभ होकर 08 जनवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत आगामी 16 अक्टूबर, 2026 को राजगढ़ विकासखंड अंतर्गत नगर परिषद तलेन में उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा।क्लस्टर मेंअमलार, बरनावद, बावडीखेडा, बैजड़, बुचाखेडी, इकलेरा, जंगीबड, कांसरोद, नहाली, पाडलियादान, पीपल्या तबक्कुल, टिकरिया, बकानी, बमोरासुखा, ढाबला, गागर, झाडपीपल्या, कंडारा कोठरी, पनवाडी, परसुखेडी, पीपल्याबिरम, रोसला, सुकली, उमरी, आंकखेडी, चाठा, हरलाय, कोडियागोड, कुकल्याखेडी, लसुडल्या जागीर, मण्डावर, निपानियागढी, नुन्याहेडी, पान्या, पीपल्या रसोडाएवं उमरियाग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं।

शीतला माता से भैंसवा बिजासन माता तक निकलेगी आस्था की चुनर

101 मीटर की चुनर अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे श्रद्धालु, संजय विजयवर्गीय बने यात्रा प्रभारी

सारंगपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सारंगपुर से भैंसवा माता धाम तक 101 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार, 16 अक्टूबर को सुबह 7 बजे बागकुआं टंकी स्थित शीतला माता मंदिर से शुरू होने वाली संगीतमय यात्रा में ढोल-नगाड़े, बैंड और आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। श्रद्धालु मां बिजासन को चुनर अर्पित कर नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। यात्रा में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भी शामिल होंगे। यात्रा शीतला माता मंदिर से अंबे माता मंदिर, मुखर्जी चौक, महाकाल चौराहा, गांधी चौक, टेंशन चौराहा, भेरू दरवाजा, नजीबाबाद स्कूल, दीनदयाल चौराहा, नवीन बस स्टैंड और महाराणा प्रताप चौराहे से होते हुए भैंसवा माता धाम पहुंचेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में प्रत्येक दो किलोमीटर पर फलाहार और अल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी।

संजय विजयवर्गीय बने यात्रा प्रभारी- तैयारियों को लेकर साईं मंदिर में हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में सर्व हिन्दू समाज की बैठक हुई। इसमें संजय विजयवर्गीय को यात्रा प्रभारी तथा अमित पुष्पद और लोकेश सोलंकी को सह प्रभारी बनाया गया। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं और जनसंपर्क पर चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि चुनर यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देना है।

सिंहस्थ 2028 की तैयारी: चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बनेगा हॉल, चौधरी ने किया भूमि पूजन

सारंगपुर। उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में श्री चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति, देव कुआं सारंगपुर द्वारा मंदिर परिसर में सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और धार्मिक गतिविधियों के लिए 14म18 फीट के हॉल का भूमि पूजन किया गया।नवरात्रि की दूज के पावन अवसर पर मंदिर में भगवान महादेव का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन पं. विष्णु प्रसाद जोशी द्वारा यजमान राजन टेटवाल एवं रमेशचंद गुजरिया ने सपत्नीक संपन्न कराया। वहीं, श्री चिंताहरण हनुमानजी का अभिषेक एवं चोला चढ़ाने का कार्यक्रम कांतिलाल सूरजमल प्रिंस क्लॉथ सेंटर के संचालक अरविंद चौधरी एवं चौधरी परिवार के सहयोग से किया गया। समिति द्वारा गत माह आयोजित बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हॉल निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। इसी प्रस्ताव के क्रियान्वयन में भूमि पूजन किया गया। हॉल का निर्माण अनुमानित तीन लाख रुपए की लागत से सहयोग के माध्यम से कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अन्य श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों से भी जनसहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर महेश पाटीदार, जितेंद्र सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सादानी, जगदीश चौरसिया, कैलाश पुष्पद भगत, कैलाश गौड़, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, शिवसिंह चौहान, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, जय हिंद प्रकाश दुबे, ओम राठी, रमेशचंद महेश्वरी, शिवनारायण मालवीय सहित मंदिर विकास समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने बिजली कम्पनी के अधीक्षण यंत्री को सौंपा ज्ञापन, नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग

आगर मालवा। आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में बिना किसी पूर्व सूचना के लोड सेटिंग के नाम पर बार-बार की जा रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची को को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण आम नागरिकों, किसानों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना पूर्व सूचना के बिजली बंद होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से बिजली विभाग के अधिकारी को आमजन की समस्याओं से अवगत कराते हुए नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इस पर बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण बिजली ट्रांसफार्मरों में समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके चलते विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ज्ञापन का वाचन जयसिंह गुरासिया, जनपद सदस्य द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में अर्जुन जी तनोडिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का शीघ्र निराकरण होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी जनता के हितों और अधिकारों के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। जनता की समस्या, कांग्रेस की लड़ाई! इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिनिध नितिन गर्ग, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डु लाला, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, अर्जुन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन यादव, मेहरबान सिंह, महेन्द्र सिंह, नितिन पालीवाल, लोकेंद्र सिंह, रईस शेख, बहादुर सिंह दायमा, पीयूष पालीवाल, रऊफ मुल्तानी,पवन कारपेंटर,अमित अजमेर,कमल जाटव, कमल यादव,दीपक गुर्जर, जयसिंह ,हीरालाल यादव, अनमोल वर्मा,लालूराम मालवीय,यूसुफ हुसैन, जीतू मकवाना,इरशाद मंसूरी, जाहिद खान, शाहिद मुल्तानी , सुल्तान सिंह,प्रकाश नायक, आशिक बोरा, ओम शर्मा, जानकारी राहुल मेघवाल ने दी।

भारत विकास परिषद ने अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत व सम्मान

आगर मालवा। भारत विकास परिषद, शाखा आगर मालवा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज की शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं समाजजनों सतीश मित्तल, शिवनारायण गुप्ता, पुरुषोत्तम कुंछल, मुकेश कुंछल, प्रदीप अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, शैलेंद्र गर्ग, कैलाश नारायण अग्रवाल एवं गोवर्धनलाल बागड़ी का उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। परिषद सदस्यों ने सभी अग्र बंधुओं को अग्रसेन जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए सामाजिक एकता, समरसता एवं सेवा भाव को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी, सचिव डॉ. चंचल शर्मा, प्रांतीय पदाधिकारी कैलाश माहेश्वरी, राजेश मेठी, पारस जैन एवं राजेन्द्र कारपेंटर, उपाध्यक्ष रमण जैन तथा सह-सचिव राजेश भटनागर उपस्थित रहे।

गुर्जर के नेतृत्व में अग्रवाल समाजजनो का किया स्वागत सम्मान

आगर मालवा । अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया.इस दौरान छावनी झंडा चौक में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष देवकरण गुर्जर के नेतृत्व में इस चल समारोह का स्वागत कर अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुड्डू लाला,जिलाध्यक्ष विजयालक्ष्मी तंवर , बहादुर दायमा नितिन गर्ग आदि अनेक नेता कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

कर्मचारी कल्याण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण एवं स्वीत्वों का भुगतान सुनिश्चित करें - कलेक्टर डॉ. मीना

टीएल बैठक में कलेक्टवर ने जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

आगर मालवा। सभी जिलाधिकारी शासकीय कर्मचारी कल्याणि से संबंधित प्रकरणों का त्वारित निराकरण करें और अपने विभाग के अधिनस्थी सभी शासकीय सेवकों के समयमान-वेतनमान, डीए, एरियर, अवकाश नगदीकरण, पेंशन, ग्रेच्यू टी एवं आश्रितों को अनुकम्पा? नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों को एक सप्तातह में निराकृत करें तथा संबंधित शासकीय सेवक को उनके स्वरत्वों् का भुगतान सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टनर डॉ. शेर सिंह मीना ने सोमवार को कलेक्टोरट सभाकक्ष आगर में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताबहिक समीक्षा बैठक में सभी जिलाधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्ताव, सीईओ जिला पंचायत श्री बीएस सोलंकी, संयुक्तद कलेक्टहर श्री मिलिन्द। ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर श्रीमती देवकुंवर सोलंकी, एसडीएम आगर श्री कमल मंडलोई एवं सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टपर ने सीएम हेल्प्लाईन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की।

1 दिन का वेतन काटने के निर्देश- उन्होंनने पिछली बैठकों में निर्देश देने के बावजूद सीएम हेल्पीलाईन में शिकायतों को अटेण्डा नहीं करने वाले एल-1 अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के लिये नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टोर ने राजस्वं, उर्जा, पंचायती राज, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्वाबस्थ्ला तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को सीएम हेल्पवलाईन में दर्ज शिकायतों का सर्वोच्च्च प्राथमिकता के साथ संतुष्टी पूवर्क निराकरण कर शिकायतें बंद करवाने और अपने विभाग की रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए।

पीएमईजीपी से श्री श्रीवास्तव को मिला संबल

राजगढ़। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) से सहयोग प्राप्त कर राजगढ़ के उद्यमी श्री महेंद्र श्रीवास्तव ने सफलता की मिसाल पेश की है। वर्ष 2013 में छोटे स्टार्टअप के रूप में शुरू की गई। उनकी इकाई एमपी प्रिसीजन इंजीनियरिंग आज लगभग 7 करोड़ रुपये वार्षिक टर्नओवर वाला औद्योगिक उद्यम बन चुकी है।श्री श्रीवास्तव ने लगभग सात वर्ष के नौकरी अनुभव के बाद स्वयं का उद्यम स्थापित किया। उद्यम की स्थापना एवं विस्तार के लिए उन्हें पीएमईजीपी के अंतर्गत प्रथम चरण में 16 लाख रुपये तथा द्वितीय चरण में 42 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र राजगढ़ तथा विभागीय सहयोग से उनके उद्यम को आगे बढ़ने में मदद मिली।

पचोर में सुरक्षा जवान भर्ती कैंप आयोजित, 5 युवाओं का चयन

राजगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड, जयपुर द्वारा ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित युवाओं के लिए सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन सोमवार को नगर परिषद पचोर में किया गया।भर्ती कैंप में विभिन्न गांवों से 111 युवाओं ने भाग लिया। भर्ती अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार द्वारा युवाओं के शारीरिक मापदंडों के आधार पर चयन प्रक्रिया की गई, जिसमें 5 युवाओं का सुरक्षा जवान के पद के लिए चयन किया गया।

महिदपुर वासियों को यह दृश्य तो याद होगा ही कि कहां का था?
चित्र-जवाहर डोसी पीयूष, महिदपुर (उज्जैन)

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से श्री किशोर ने शुरू किया दुग्ध व्यवसाय

राजगढ़। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना ने ग्राम कोलूखेड़ा निवासी श्री नंद किशोर को स्वरोजगार की राह पर आगे बढ़ने का अवसर दिया है। योजना के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदाराजगढ़ से 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने कृष्णा दुग्ध डेयरी के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय शुरू किया।श्रीकिशोर ने व्यवसाय के विस्तार और विकास के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लिया। योजना से प्राप्त वित्तीय सहायता उनके दुग्ध व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायक बनी। आज वे दुग्ध व्यवसाय के माध्यम सेप्रतिमाह अच्छीआ आय अर्जित कर रहे हैं।

स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री प्रक्रिया का कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने किया निरीक्षण

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को राजगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम टांडी पहुंचकर स्वामित्व योजना के तहत की जा रही रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों से योजना की प्रगति के संबंध में चर्चा की।कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं।

शासकीय आईटीआई राजगढ़ में रोजगारमुखी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश 15 अक्टूबर तक- कौशल विकास संचालनालय, मध्यप्रदेश के अंतर्गत शासकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) राजगढ़ में रोजगारमुखी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश हेतु पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है।इच्छुक आवेदक संस्था में उपस्थित होकर रिक्त सीटों के विरुद्ध वेल्डर, डीजल मैकेनिक एवं स्टेनो (हिंदी) व्यवसायों में प्रवेश ले सकते हैं।प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आवेदक मो.न. 9302919036 पर संपर्क कर सकते हैं।

नवरात्रि महोत्सव के तहत 14 अक्टूबर को दुधाना में होगा कवि सम्मेलन

मोहन बड़ोदिया / समीपस्थ ग्राम दुधाना में नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 14 अक्टूबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। ग्राम पंचायत सरपंच राकेश जायसवाल ने बताया कि नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम दुधाना में 14 अक्टूबर को कवि सम्मेलन रखा गया है। इस आयोजन का उद्देश्य साहित्य और काव्य के माध्यम से उत्सव को विशेष बनाना तथा क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। कवि सम्मेलन में हजारी हवलदार, कैलाश सोनी सार्थक, कमलेश दवे ,नरेन्द नख़ेत्री, अपूर्वा चतुर्वेदी, बजरंग पाटीदार रहेंगे सम्मेलन का संचालन राहुल शर्मा करेंगे। सरपंच जायसवाल ने क्षेत्र के समस्त कवि प्रेमियों एवं साहित्य अनुरागियों से कवि सम्मेलन में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

14 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई ब्यावरा में जिला स्तरीय युवा संगम

रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले में 600 से अधिक रिक्तियों पर मिलेगा अवसर

राजगढ़। जिला रोजगार कार्यालय राजगढ़ द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर, 2026को जिला स्तरीय युवा संगमका आयोजन किया जाएगा। युवा संगम प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई ब्यावरा के नवीन भवन, इंदौर हाईवे, ब्यावरा में आयोजित होगा।युवा संगम में लगभग 8 कंपनियां भाग लेंगी। विभिन्न रोजगार क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, प्रोडक्शन, एग्रीकल्चर, सिक्यूरिटी गार्ड, फर्टिलाइजर एवं होटल मैनेजमेंट आदि में 600 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं। चयनित युवाओं को संबंधित पद के अनुसार 13 हजार से 22 हजार रुपये तक वेतन प्राप्त हो सकता है।

मेले में 10वीं से स्नातक तथा आईटीआई, डिप्लोमा एवं डिग्री उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु के इच्छुक युवा अपनी योग्यता एवं कंपनियों की मांग के अनुसार साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। रोजगार के इच्छुक आवेदकों से अपील की गई है कि युवा संगम में शामिल होने से पूर्व रोजगार विभाग के पोर्टल पर अपना रोजगार पंजीयन अवश्य कराएं।युवा संगम में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रोजगार के उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की गई है।